DELHI METRO

पर्यावरण, सतत विकास और जलवायु परिवर्तन नीति

ENVIRONMENT, SUSTAINABILITY AND CLIMATE CHANGE POLICY

दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) उन प्रक्रियाओं और मानकों के लिए प्रतिबद्ध है जो सतत विकास सुनिश्चित करने और जलवायु परिवर्तन को रोकने के लिए पर्यावरण के अनुकूल व सामाजिक रूप से जिम्मेदार गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए तैयार किए गए हैं।

डीएमआरसी तदनुसार प्रक्रियाएं और नियंत्रण उपाय सुनिश्चित करेगी और निम्नलिखित प्रयास करेगीः

1. डीएमआरसी के लिए मान्य, संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क के तहत सभी सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) का अनुपालन करना।
2. यातायात से उत्सर्जित कार्बन की मात्रा को कम करने हेतु विभिन्न मेट्रो स्टेशनों पर ई–रिक्शा, ई–साइकिल, ई–ऑटो, साइकिल शेयरिंग, कैब एग्रीगेटर आदि सेवाएं शुरु करके लास्ट माइल कनेक्टिविटी के उपयोग को बढ़ावा देने और उसे सशक्त बनाकर मेट्रो स्टेशनों तक यात्रियों के लिए सुगम आवागमन की व्यवस्था करना।
3. अपने नेटवर्क के विभिन्न स्टेशनों पर चरणबद्ध तरीके से मल्टी मॉडल इंटीग्रेशन को बढ़ावा देकर डीएमआरसी में बेहतर संपर्क सुविधा तथा पर्यावरण अनुकूल व्यवस्था उपलब्ध कराना।
4. ऊर्जा–कुशल प्रौद्योगिकियों को अपनाकर और नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के उपयोग से ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करना।
5. अपशिष्ट में कटौती, रिसाइलिंग, अपशिष्ट उत्पादों के उपयोग, जल संरक्षण आदि जैसी उपयुक्त क्रियाओं को बढ़ावा देना।
6. ग्रीन बिल्डिंग प्रक्रियाओं को लागू करके यह सुनिश्चित करना कि स्टेशनों तथा अन्य भवनों का डिजाइन और निर्माण उन हरित भवन मानदंडों का उपयोग करके किया जाता है जिससे ऊर्जा की खपत, पानी का उपयोग और अपशिष्ट का बनाना कम हो।
7. यह सुनिश्चित करना कि हमारे ठेकेदारों और उप–ठेकेदारों द्वारा इस नीति का समुचित रूप से अनुपालन किया जाता है।
8. पर्यावरण संबंधी सभी संगत नियमों और विनियमों का अनुपालन सुनिश्चित करना।
9. नियमित प्रशिक्षण और जागरूकता के माध्यम से डीएमआरसी सभी हितधारकों को प्रेरित करके उनकी भागीदारी सुनिश्चित करेगी तथा पर्यावरणीय आयामों को प्राप्त करने के अवसरों की तलाश करेगी।

विकास कुमार

डॉ. विकास कुमार

प्रबंध निदेशक

05 जून 2023

नई दिल्ली

Delhi Metro Rail Corporation (DMRC) is committed to practices and standards that are designed to promote environmentally and socially responsible operations to ensure sustainable development and arrest climate change.

DMRC shall ensure procedures and control measures accordingly and will strive:

1. To comply with all Sustainable Development Goals (SDGs) under UN framework applicable to DMRC.
2. To decarbonize transport to the extent of providing easy access for commuters to the metro stations, by promoting and strengthening the use of Last Mile connectivity through introduction of e-rickshaw, e-cycle, e-Autos, Bicycle sharing, Cab aggregator services at various Metro stations.
3. To provide better connectivity and environment conditions in DMRC by promoting Multi Modal Integration at various stations in its network in a phased manner.
4. To reduce greenhouse gas emissions by implementing energy-efficient technologies and using renewable energy sources.
5. To promote sustainable practices such as waste reduction, recycling, use of waste products, water conservation etc.
6. To implement green building practices by ensuring that stations and other buildings are designed and constructed using green building norms that reduce energy consumption, water usage, and waste generation.
7. To ensure that, this policy is actively followed by our contractors and sub- contractors.
8. To comply with all applicable relevant environmental legislation and regulations
9. DMRC will ensure motivation, involvement and participation of all stakeholders through regular training, awareness and look for opportunities to further improve environmental targets.

Vikas Kumar

Dr. Vikas Kumar

Managing Director

05th June, 2023

New Delhi

DELHI METRO RAIL CORPORATION LIMITED

दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड